# पुराने जटिल नियम खत्म कर निवेश का रास्ता साफ किया : अभिषेक

## बोले, निवेश मित्र पोर्टल से निवेशकों को मिल रहीं 500 से ज्यादा सेवाएं

लखनऊ। निवेश मित्र पोर्टल से 42 विभागों की 500 से अधिक ऑनलाइन सेवाएं दी जा रही हैं। ये भारत के सबसे बड़े सिंगल विंडो पोर्टलों में एक है। पोर्टल उत्तर प्रदेश में कारोबारी माहौल बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह के तहत विधानसभा सचिवालय में ईज आफ डूइंग पर आयोजित कार्यक्रम में ये जानकारी दी।

अभिषेक प्रकाश ने बताया कि घरेलू और वैश्विक निवेशकों के साथ ही आम नागरिकों को सुविधा देने के लिए पुराने जटिल नियम खत्म किए जा रहे हैं। हमने 500 से अधिक नियमों को अपराध की श्रेणी से निकालकर व्यापार अनुकूल माहौल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि निवेश मित्र की तीसरे पक्ष के ऑडिट में 97% उपयोगकर्ता संतुष्टि दर आई है। मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा, दस खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य हासिल करने के लिए हितधारकों को व्यापार के साधनों से अच्छी तरह अवगत होना पड़ेगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव नियोजन व कार्यक्रम कार्यान्वयन आलोक कुमार व के. रवींद्र नायक प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन भी मौजूद थे। ब्यूरो